# दुनिया की विध्वंसक मिसाइल ब्रह्मोस के उत्पादन के लिए लखनऊ तैयार

लखनऊ। भारत व पाकिस्तान के बीच जारी जंग के हालात के बीच दुनिया की सबसे विध्वंसक सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस के निर्माण के लिए लखनऊ तैयार है। सीएम योगी आदित्यनाथ की ड्रीम परियोजना का उद्घाटन डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लखनऊ नोड पर 11 मई को होने वाला है। ब्रह्मोस एयरोस्पेस की ओर यह यूनिट 300 करोड़ रुपये के निवेश से साढ़े तीन वर्षों में धरातल पर उतरी है।

## ब्रह्मोस मिसाइल यूनिट का उद्घाटन 11 मई को होगा

यूपीडा के एसीईओ हरि प्रताप शाही ने बताया कि लखनऊ नोड पर ब्रह्मोस के साथ ही अन्य डिफेंस उपकरण बनाने की तैयारी है। भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव को देखते हुए यूपी में ब्रह्मोस जैसी रणनीतिक मिसाइल का बनना बहुत महत्वपूर्ण है। यह कदम भारत की सैन्य ताकत को और मजबूत करेगा और यूपी को देश की रक्षा में खास भूमिका निभाने वाला राज्य बनाएगा। यह यूनिट राज्य की पहली अत्याधुनिक यूनिट होगी। ब्रह्मोस एयरोस्पेस की स्थापना रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) और रूस सरकार के जेएससी, एमआईसी, एनपीओ मशीनोस्त्रोयेनिया (एनपीओएम) के संयुक्त उद्यम के रूप में की गई थी। इसमें भारत की 50.5% और रूस की 49.5% हिस्सेदारी है। ब्यूरो

**बढ़ेंगे रोजगार के अवसर :** ब्रह्मोस प्रोजेक्ट शुरू होने से प्रदेश में पहले से मौजूद एयरोस्पेस कंपनियों को उनके काम और अनुभव के हिसाब से कई नए मौके मिलेंगे। करीब 500 इंजीनियरों और तकनीशियनों को सीधे काम मिलेगा। साथ ही कई हजार कुशल, अर्द्ध-कुशल और सामान्य काम करने वाले लोगों को भी परोक्ष रूप से रोजगार के अवसर मिलेंगे।